**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of November, 2024.**

Hon'ble Home Minister has approved the proposal for creation of 26 posts for establishment of Directorate of Prosecution in UT of Chandigarh under the Indian Civil Defence Code, 2023.

2. Meetings were held under the Chairmanship of Union Home Secretary on 5th – 6th Nov., 2024 at Guwahati (Assam) to review the progress of implementation of various peace accords (viz. Karbi Accord, Adivasi Accord, DNLA Accord, ULFA Accord), inter-state boundary agreements between Assam-Meghalaya and Assam-Arunachal Pradesh and activities/projects of NESAC in Assam.

3. On 02.11.2024, Union Home Secretary chaired a meeting with the Hon'ble Chief Justice of India to discuss integration of e-Courts with ICJS applications and it was decided that a committee be constituted under the chairpersonship of Justice K.V. Viswanathan, Vice Chairman of the Committee, to draft Model Rules for Sakshya, Nyay Shruti, and Summon applications.

4. ICP Darranga has been declared as an authorized Immigration Check Post on 01.11.2024.

5. Notification issued on 15.11.2024 for delegation of powers under the Registration Act, 1908 (16 of 1908) to the Administrator (Lieutenant Governor) of UT of Andaman and Nicobar Islands.

6. Notification issued on 15.11.2024 for delegation of powers under the Registration Act, 1908 (16 of 1908) to the Administrator of the UT of Chandigarh.

7. Notification issued on 15.11.2024 for delegation of powers under the Registration Act, 1908 (16 of 1908) to the Administrator of the UT of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu.

8. Notification issued on 15.11.2024 for delegation of powers under the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899) to the Administrator of the UT of Chandigarh.

9. Notification issued on 15.11.2024 for delegation of powers under the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899) to the Administrator (Lieutenant Governor) of the UT of Andaman and Nicobar Islands.

10. Shri Abhilash Malhotra has been appointed as the Presiding Officer of the Appellate Tribunal, New Delhi Municipal Council (NDMC).

11. 'Central Assistance to Delhi' was sanctioned 475.50 crore and the same was credited in the receipt account of the Ministry of Housing and Urban Affairs for DMRC projects (phase I, II and III).

12. A meeting was held on 11.11.2024 with the Cabinet Secretary to agree on the projects of Great Nicobar Islands.

13. On the occasion of Samvidhan Divas and to provide the benefit of section 479 to undertrial prisoners, 334 prisoners were released by the States and UTs.

14. Ministry of Home affairs has conveyed the approval of expenditure sanction of Rs.72,22,17,263/- to CRPF for various works.

15. 1501 nos of post has been sanctioned for creation/augmentation of IGI Airport and Mahila Reserve Battalion in CISF.

16. "A total of 402 Protected Area Permit (PAP) applications were granted for the month of November,2024".

****

**गृह मंत्रालय की नवंबर, 2024 में प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और कार्यक्रम।**

माननीय गृह मंत्री जी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र में अभियोजन निदेशालय की स्थापना के लिए 26 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

2. विभिन्न शांति समझौतों (जैसे कार्बी समझौता, आदिवासी समझौता, डीएनएलए समझौता, उल्फा समझौता), असम-मेघालय और असम-अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतर-राज्यीय सीमा समझौतों और असम में एनईएसएसी की गतिविधियों/परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए 5-6 नवंबर, 2024 को गुवाहाटी (असम) में केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित की गईं।

3. दिनांक 02.11.2024 को, केंद्रीय गृह सचिव ने आईसीजेएस एप्लिकेशन्स के साथ ई-कोर्ट को जोड़ने पर चर्चा करने के लिए भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और यह निर्णय लिया गया कि साक्ष्य, न्यायश्रुति और समन एप्लिकेशन्स के लिए मॉडल नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए समिति के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाए।

4. आईसीपी दरंगा को दिनांक 01.11.2024 को अधिकृत आव्रजन चेक पोस्ट घोषित किया गया है।

5. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक (उप-राज्यपाल) को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अंतर्गत शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए दिनांक 15.11.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

6. चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के तहत शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए दिनांक 15.11.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

7. दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के तहत शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए दिनांक 15.11.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

8. भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) के तहत चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक को शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए दिनांक 15.11.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

9. भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रशासक (उप-राज्यपाल) को शक्तियों के प्रत्यायोजन के लिए दिनांक 15.11.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

10. श्री अभिलाष मल्होत्रा को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अपीलीय न्यायाधिकरण का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

11. 'दिल्ली को केंद्रीय सहायता' के लिए 475.50 करोड़ रुपये मंजूर किए गए और इसे डीएमआरसी परियोजनाओं (चरण I, II और III) के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के प्राप्ति खाते में जमा कर दिया गया।

12. ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की परियोजनाओं पर सहमति बनाने के लिए कैबिनेट सचिव के साथ दिनांक 11.11.2024 को बैठक आयोजित की गई।

13. संविधान दिवस के अवसर पर तथा विचारणाधीन (अंडरट्रायल) कैदियों को धारा 479 का लाभ प्रदान करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 334 कैदियों को रिहा किया गया।

14. गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को विभिन्न कार्यों के लिए 72,22,17,263 रुपये के व्यय की मंजूरी दी है।

15. आईजीआई हवाई अड्डे और महिला रिजर्व बटालियन के लिए सीआईएसएफ में 1501 पदों के सृजन/संवर्धन की मंजूरी दी गई है।

16. "नवंबर, 2024 के लिए कुल 402 संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) आवेदन स्वीकृत किए गए"।

****